# मिशन शिक्षण संवाद

## दैनिक अभ्यास प्रश्न-2 (गणित -प्राथमिक स्तर)

## दिनांक - 06 अप्रैल 2020, दिन - सोमवार



आज का सुविचार - बिना रुचि शिक्षा फलदायी नहीं होती।

निम्न प्रश्नों को हल करें (घटायें)..

### कक्षा - 3

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 589 | 787 | 769 | 596 | 490 |
| -456 | - 567 | - 437 | - 476 | - 490 |
| ------------- | ------------- | ------------- | ------------- | ------------- |
| ------------- | ------------- | ------------- | ------------- | ------------- |

### कक्षा - 4

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 8976 | 9843 | 4567 | 6582 | 8790 |
| - 5674 | - 8523 | - 2356 | - 5673 | -8790 |
| ------------- | ------------- | ------------- | ------------- | ------------- |
| ------------- | ------------- | ------------- | ------------- | ------------- |

### कक्षा - 5

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 68564 | 45862 | 67843 | 64032 | 24678 |
| - 53252 | -23661 | -58954 | -44043 | -13789 |
| ------------- | ------------- | ------------- | ------------- | ------------- |
| ------------- | ------------- | ------------- | ------------- | ------------- |


### उत्तरमाला - दिनांक 05/04/2020,

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा 3 - | (1) 123 | (2) 134 | (3) 116 | (4) 133 | (5) 154 |
| कक्षा 4 - | (1) 1026 | (2) 1331 | (3) 1031 | (4) 1301 | (5) 911 |
| कक्षा 5 - | (1) 4611 | (2) 5800 | (3) 9126 | (4) 8015 | (5) 10100 |

संकलन - टीम गणित मिशन शिक्षण संवाद 9458278429

# मिशन शिक्षण संवाद

## दैनिक अभ्यास प्रश्न- (गणित -प्राथमिक स्तर)



दिनांक - 07 अप्रैल 2020, दिन - मंगलवार

प्रश्न 1 - 2+3+1 का योग कितना होगा ?

प्रश्न 2 - 19+81+100 का योगफल कितना होगा ?

प्रश्न 3 - 199 – 100 का मान कितना होगा ?

प्रश्न 4 - 2×6 कितना होगा ?

प्रश्न 5 - 19, 29, 26, 49, 59 को शब्दों में लिखो |

प्रश्न 6 - चौबीस, छत्तीस , सत्तावन ,पैंसठ ,अड़तालीस को अंको में लिखो |

प्रश्न 7 - 71, 17, 47, 37 में सबसे बड़ी संख्या कौन सी है?

प्रश्न 8 - 32, 43, 12, 09 में सबसे छोटी संख्या बताओ |

प्रश्न 9 - एक दर्जन में कितनी वस्तुएं होती है ?

प्रश्न 10 - 1 से 10 तक Numbers Name लिखो |

### उत्तरमाला ( अंक - 06 अप्रैल 2020 )

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा - 3 | (1) 133 | (2) 220 | (3) 332 | (4) 120 | (5) 000 |
| कक्षा - 4 | (1) 3302 | (2) 1310 | (3) 2211 | (4) 0909 | (5) 0000 |
| कक्षा - 5 | (1) 15312 | (2) 22201 | (3) 08889 | (4) 19989 | (5) 10889 |

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान



**दैनिक अभ्यास प्रश्न – 3. (गणित - प्राथमिक स्तर )**

दिनांक – 08 अप्रैल 2020, दिन – वुधवार

## निम्न प्रश्नों को हल करें ........

1- एक दहाई में कितनी इकाई होती है ?

2- एक सैकड़ा में कितनी दहाई व कितनी इकाई होती हैं ?

3 –खाली स्थान भरो ... 435 =.... सै०+.... द०+... इ०

4 - 9849 को विस्तारित रूप में लिखो।

5 - 9859 एवं 6789 को शब्दों में लिखें।

6 - 3567 में सभी अंको के स्थानीय मान लिखो।


7 - निम्न के मध्य सही चिन्ह (<, >, =) लगायें

6... 8, 42.... 32, 68....68, 45...54

8 - 67, 23, 89,18, 32 को घटते व बढ़ते क्रम में लिखो।

9 - 345, 789, 213, 189 को आरोही क्रम में लिखो।

10 - 9874, 4563, 1268, 4568 को अवररोही क्रम में लिखो



## दैनिक अभ्यास प्रश्न – 4. (गणित - प्राथमिक स्तर)

दिनांक – 09 अप्रैल 2020, दिन –बृहस्पतिवार

प्रश्न 1- कक्षा में 18 लडके व 19 लड़कियां है, कक्षा में कुल कितने छात्र हैं ?

प्रश्न 2 - 100 रु में से 89 का ज्योमेट्री बाक्स लेने पर कितने रु शेष बचेंगे ?

प्रश्न 3 - 83 रु व 66 रु के दो बस टिकटों पर कुल कितने रु खर्च हुए ?

प्र 4 - संख्याओं के क्रम को आगे बढ़ाओ 2,4,6,8, ...., ..., ... |

प्रश्न 5 - दो अंको की सबसे बड़ी व सबसे छोटी संख्याओं का अन्तर ज्ञात करो।

प्रश्न 6 - 3000+500+30+7 को संक्षेप रूप में लिखो।

प्रश्न 7- 4085 में 4 का स्थानीय मान बताओ।

प्रश्न 8 - 4332 में 3 के दोनों स्थानीय मानों का अन्तर ज्ञात करो।

प्रश्न 9 - 9459 में 9 के दोनों स्थानीय मानों का योग ज्ञात करो।

प्रश्न 10 - 4,3,2,5 से बनने वाली सबसे बड़ी व सबसे छोटी संख्या लिखकर अन्तर बताओ।

### उत्तरमाला (08 अप्रैल 2020)

(1) 10 (2) 10 दहाई, 100 इकाई, (3) 4, 3, 5 (4)9000+800+40+9


(5) नौ हजार आठ सौ उनसठ, छह हजार सात सौ नवासी (6)तीन हजार पांच सौ सरसठ

(7) <,>,=,< (8) बढ़ता क्रम - 18,23,32,67,89 घटता क्रम - 89,67,32,23,12

(9) 189,213,345,789 (10) 9874,4568,4563,1268

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

## दैनिक अभ्यास प्रश्न-5 (गणित -प्राथमिक स्तर)

**10 अप्रैल 2020, शुक्रवार**

Q1:- संख्या 2345 मे 4 का स्थानीय मान(place value) तथा जातीय मान (face value) बताएं ।

Q2:- संख्या 2345 को विस्तारित रुप (expanded form ) में लिखो।

Q3:- 4000+30+6 को संक्षिप्त रुप (short form)मे लिखो ।

Q4:- दो अंकों की सबसे छोटी व सबसे बड़ी  संख्या का योगफल ज्ञात करो।

Q5:- पाँच अंकों की सबसे बड़ी संख्या लिखो ।

Q6:- सात अंकों की सबसे छोटी संख्या  में 1 का स्थानीयमान (place value) लिखो।

Q7:- अंक 3,0,5,6 से चार अंकों की सबसे बड़ी व सबसे छोटी संख्या बनाइये ।(without repeating any digit)

Q8:- अंक 1,2,3,0,6,9 से छ: अंकों की सबसे बड़ी व सबसे छोटी संख्या लिखो।(without repeating any digit)

Q9:- हल करो -23×45

Q10:- हल करो -3052÷9


**उत्तरमाला (09 अप्रैल 2020)**

**(1) 37 (2)11 (3)149 (4) 10,12,14 (5) 89 (6) 3537 (7) 4000 (8) 270 (9) 9009 (10) 3087**

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

## दैनिक अभ्यास प्रश्न-5 (गणित -प्राथमिक स्तर)



### 11 अप्रैल 2020, शनिवार

### •अभ्यास प्रश्न•

1:- 8002 व 6079 को शब्दों में लिखो

2:- नौ हजार सात सौ और चार हजार एक को अंकों में लिखो।

3:- 19×7 =

4:- 0×9 =

5:- पैटर्न पूरा करो

7,14,21, ..., ..., ..., ...

6:- एक कोट में 5 बटन हैं तो 3 कोट में कितने बटन होंगे?

7:- हल करें 132×12

8:- 5 साइकिल में कितने पहिए होंगे?

9:- 14 कार में कितने पहिए होंगे?

10:- एक पुस्तक में 88 पेज हैं, पांच पुस्तकों में कितने पेज होंगे?

### उत्तरमाला (10 अप्रैल 2020)

1:- 40,4

2:- 2000+300+40+5

3:- 4036

4:- 10+99=109

5:- 99999

6:- 1000000

7:- 6530, 3056

8:- 963210, 102369


9:- 1035

10:- 339.11

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान



## दैनिक अभ्यास प्रश्न- (गणित -प्राथमिक स्तर)

12 अप्रैल 2020, रविवार


1:- जिस संख्या में भाग दिया जाता है, उसे क्या कहते हैं?

2:- जिस संख्या से भाग दिया जाता है, उसे क्या कहते हैं?

3:- भाग देने पर जो हिस्सा बिना बटा रह जाता है, उसे क्या कहते हैं?

4:- हल करें $127 \div 7 =$

5:- हल करें $539 \div 10 =$

6:- एक पीपे में 18 किग्रा घी है। उससे 3-3किग्रा के कितने डिब्बे भरे जा सकते हैं?

7:- रमई को चारपाइयों के 40 पाये दिख रहे हैं। कितनी चारपाइयाँ होंगी?

8:- पुष्पा ने 72 फूल तोड़े, 6-6फूलों की कितनी मालाएँ बनेंगी?

9:- हल करें $8+3-1=$

10:- हल करें $20 \div 5 \times 2+3-1$

उत्तरमाला (11 अप्रैल 2020)


(1) आठ हजार दो, छह हजार उन्यासी (2) 9700, 4001 (3)133 (4)0 (5)28,35,42 (6) 15 (7) 1584 (8)10 (9) 56 (10) 440

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

**दैनिक अभ्यास प्रश्न- (गणित -प्राथमिक स्तर)**

**13 अप्रैल 2020, सोमवार**

## •अभ्यास प्रश्न•

1:- हल करो 29÷4×2+3-1

2:- भिन्न में विभाजन रेखा के ऊपर के अंक को क्या कहते हैं?

3:-भिन्न में विभाजन रेखा से नीचे के अंक को क्या कहते हैं?

4:- 3/4 व 4/5 में कौन भिन्न छोटी है?

5:- 4/7 व 6/7 में कौन भिन्न बड़ी है?

6:- 2/5, 4/5, 1/5, 3/5 को आरोही क्रम में लगाओ।

7:- 2/5, 5/7, 3/7, 4/7 को अवरोही क्रम में लिखो।

8:- 2/7 + 4/7 =

9:- 8/11 + 1/11=

10:- 5/7 - 2/7=

## उत्तरमाला (12 अप्रैल 2020)

(1) भाज्य

(2) भाजक

(3) शेषफल

(4) भागफल 18,शेषफल 1

(5) भागफल 53,शेषफल 9

(6) 6

(7) 10


(8) 12

(9) 10

(10) 10

# मिशन शिक्षण संवाद

## दैनिक अभ्यास प्रश्न- (गणित -प्राथमिक स्तर)



## 14 अप्रैल 2020, मंगलवार

1:- 3/5 में अंश व हर बताओ।

2:- 2/9 -1/9 =

3:- उचित चिन्ह (<, =, >) प्रयोग करें

5/8...7/8, 5/9....5/9, 4/5....2/5

4:- एक माली एक दिन में 75 मालाएं बनाता है,15 दिन में कितनी मालाएं बनाएगा?

5:- 600×50 =

6:- गांव में 2563 पुरुष, 2304 महिलाएं व 872 बच्चे हैं। कुल जनसंख्या बताओ।

7:- आठ-आठ फांकों वाले 6 सन्तरों की सभी फांकें 4 बच्चों में बराबर बंटी, प्रत्येक को कितनी फांके मिली?

8:- हल करो 458×21

9:- हल करो 63÷9

10:- गुलशन ने सेव का 1/4भाग रजिया व 1/4 भाग गौरव को दिया, कितना भाग शेष बचा?

### उत्तरमाला (13 अप्रैल 2020)

(1) 16 (2) अंश(3) हर (4) 3/5 (5) 6/7 (6) 1/5, 2/5, 3/5, 4/5 (7)5/7, 4/7, 3/7, 2/7 (8) 6/7 (9) 9/11 (10)3/7

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान



## दैनिक अभ्यास प्रश्न-

## गणित प्राथमिक स्तर

### कक्षा 3

1:-1से 20 तक रोमन अंक लिखो
2:-हल करें 135×13=
3:-हल करें 3456+1526=
4:-3547 को शब्दों में लिखो
5:-पैटर्न पूरा करो
6,12,18.., ..., ....,

### कक्षा 4

1:-त्रिभुज में कितनी भुजाएँ होती है?
2:-12, 24, का ल.स.प.(LCM) ज्ञात करो
3:-हल करो 9999+999+99
4:- हल करो 5673×43
5.:-4567 में प्रत्येक अंक का स्थानीय मान ज्ञात करो

### कक्षा 5


1:-हल करो 41.35+416.5
2:-वर्ग की परिभाषा एवं वर्ग के परिमाप तथा क्षेत्रफल का सूत्र लिखो
3:- हल करो 3563×124
4:-एक गाँव मे 4567 पुरूष तथा 3456 महिलाएं और 653 बच्चे है तो बताओ कि गाँव मे कुल कितनी जनसंख्या है।
5:-मोहन ने एक टीवी 4567 रुपये की खरीदी और 5638 रुपये की बेच दी तो बताओ कि मोहन को लाभ हुआ कि हानि और कितना?

## उत्तरमाला 14 अप्रैल 2020

(1) 3 अंश, 5 हर (2) 1/9 (3) <, =, > (4) 1125 (5) 30000 (6) 5739 (7) 12 (8) 9618 (9) 7 (10) 1/2

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान



## दैनिक अभ्यास प्रश्न- (गणित -प्राथमिक स्तर)

## 16 अप्रैल 2020, बृहस्पतिवार

### अभ्यास प्रश्न

**कक्षा 3**

1:-संख्या 4567 को विस्तार रूप मे लिखो

2:-संख्या 1870 में 8 का स्थानीय मान तथा अंकित मान का अंतर ज्ञात करो।

3:- 99 × 0=......

4:- 625÷5=......

5:- आरोही क्रम मे लिखो- 546 ,435 ,654 , 629

**कक्षा 4**

1:- हलकरो- 65.56+85.58+45.85

2:- 1 से 50 के बीच की विषम संख्या लिखो ।

3:- गुणा करो 65.67×24

4:- हल करो 225÷15+5 - 3

5.:- 32, 64, का ल.स. प.(LCM) ज्ञात करो

**कक्षा 5**

1:-एक वर्गाकार खेत की एक भुजा 15 सेंटीमीटर है तो वर्ग का परिमाप तथा क्षेत्रफल ज्ञात करो।

2:-एक किलो आलू का मूल्य 12 रुपये है तो 25 किलो आलू का मूल्य क्या होगा ?

3:- 5 सेंटीमीटर त्रिज्या का एक वृत बनाओ

4:- भाग करो 5674÷13

5:- अमन ने एक किताब 456 रुपये की खरीदी 345 रुपए की बेच दी तो बताओ अमन को लाभ हुआ कि हानि और कितना?

### उत्तरमाला 15 अप्रैल 2020

**कक्षा 3**

(1)1-I,2-II,3-III,4-IV,5-V, 6-VI,7-VII,8-VIII,9-IX, 10-X,
11-XI,12-XII,13-XIII,14-XIV,15-XV,16-XVI,17-XVII, 18-XVIII,19-XIX,20-XX

(2) 1755(3) 4982

(4) तीन हजार पाँच सौ सैतालिस(5)24,30,36

**कक्षा 4**

(1) 3(2)24 (3) 11097(4)243939

(5)4000,500,60,7

**कक्षा 5**

(1)457.85

(2) वर्ग मे चार बराबर भुजाएं व चारों कोण 90°के होते है।
वर्ग का परिमाप= 4×भुजा,
वर्ग का क्षेत्रफल =भुजा ×भुजा


(3)441812 (4)8676

(5) लाभ 1071

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

# दैनिक अभ्यास प्रश्न- (गणित -प्राथमिक स्तर)



## 17 अप्रैल 2020, शुक्रवार

### दैनिक अभ्यास प्रश्न

### कक्षा 3

1:-20से 30 तक रोमन अंक लिखो

2:-हल करें 1365÷13=

3:-हल करें 3456×16=

4:-पाँच हजार नौ को अंको में लिखो।

5:-रिक्त स्थान को पूरा करो
6,...,18..., 30, ....,

### कक्षा 4

1:-वर्ग में कितनी भुजाएँ होती है?

2:-125,25का ल.स.प.(LCM) ज्ञात करो

3:-तीन अंको की सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्या का योग ज्ञात करो।

4:- हल करो 4563×63

5.:- 2056 में प्रत्येक अंक का स्थानीय मान ज्ञात करो

### कक्षा 5

1:-हल करो 411.35+428.5

2:-आयत की परिभाषा एवं आयात के परिमाप व क्षेत्रफल का सूत्र लिखो।

3:- हल करो 6563×124

4:-अमन के पास 500 रुपये थे उसने बाजार से 125 रुपये की दाल और 132 रुपये के चावल खरीदे तो बच्चो बताओ कि अमन के पास कुल कितने रुपये बचे ?

5:-आकाश ने एक फ्रिज 9865 रुपये का खरीदा और 8638 रुपये की बेच दी तो बताओ कि आकाश को लाभ हुआ कि हानि और कितना?

### उत्तरमाला 16 अप्रैल 2020

**कक्षा 3**

(1)4000+500+60+7 (2)792 (3)0 (4) 125 (5)435,546,629,654

**कक्षा 4**

(1)196•99 (2)3,5,7,9,11,13,15, 17,19,21,23,25,27,29,31,33, 35,37,39,41,43,45,47,49(3) 1576.08(4)17 (5)64


**कक्षा 5**

(1)परिमाप-60 सेमी. क्षेत्रफल-225 वर्ग सेमी.(2)300 (3) स्वयं करो (4) 436.46(5)हानि 111

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

## दैनिक अभ्यास प्रश्न- (गणित -प्राथमिक स्तर)



## 18 अप्रैल 2020, शनिवार

**कक्षा 3**

1:- 30से 40 तक रोमन अंक लिखो।

2:- रिक्त स्थान की पूर्ति करो

(a) 45+.... = 65+45

(b) 43×12=12×.....

3:- हल करें 1456×14=

4:- पांच हजार पांच सौ उन्यासी को अंको मे लिखो।

5:- संख्या 100 की पूर्ववर्ती तथा अनुवर्ती संख्या लिखो ।

**कक्षा 4**

1:- आयात में कितनी भुजाएँ होती है?

2:- 40,50का ल.स. प.(LCM) ज्ञात करो

3:- चार अंको की सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्या का योग ज्ञात करो।

4:- हल करो 4563÷13

5.:-1से 25 के बीच की सम संख्याएं लिखो।

**कक्षा 5**

1:-हल करो 491.35 - 428.5

2:- एक आयताकार खेत की लंबाई15मीटर है तथा चौड़ाई12 मीटर है तो खेत का परिमाप तथा क्षेत्रफल ज्ञात करो ?

3:- हल करो 7503×234

4:- 1लीटर =.........मिलीलीटर

5:-आकाश ने एक कूलर 5436 रुपये का खरीदा और 8638 रुपये की बेच दी तो बताओ कि आकाश को लाभ हुआ कि हानि और कितना?

---

## उत्तरमाला 17 अप्रैल 2020

**कक्षा 3**

(1) 20-XX,21-XXI 22-XXII,23-XXIII,24-XXIV,25-XXV,26-XXVI,27-XXVII, 28-XXVIII,29-XXIX,30-XXX(2)105 (3) 55296(4)5009 (5)12,24,36

**कक्षा 4**

(1) 4(2) 125(3)1099 (4)287469 (5)2000,0,50,6

**कक्षा 5**

(1)839.85 (2)आयत की सम्मुख भुजायें बराबर व चारों कोण 90° के होते हैं परिमाप=2(लम्बाई+चौड़ाई) ,क्षेत्रफल=लम्बाई×चौड़ाई(3) 813812(4) 243(5)हानि 1227

संकलन - टीम गणित मिशन शिक्षण संवाद 9458278429





### कक्षा-6

प्रश्न-1: निम्न पूर्णांकों का योगात्मक प्रतिलोम लिखें-
+9 ,10 व -21

प्रश्न-2: -2 और +3 के बीच के सभी पूर्णांक लिखिए।

प्रश्न-3: |-13| का मान ज्ञात करें।

प्रश्न-4: हल करें-
क. (+3)-(+4)    ख. (-3)-(-2)
ग. 8×(-4)×(-5)  घ. 36÷(-9)

प्रश्न-5: दो पूर्णांकों का योग 85 है। यदि उनमें से एक पूर्णांक 125 है तो दूसरा पूर्णांक ज्ञात कीजिए।

दिनांक 18/04/2020 के उत्तर-
1. पूर्णांक
2. ज्ञात नही किया जा सकता ।
3. I ( आई से)
4. धनात्मक
5. -1
6. संवरक प्रगुण

### कक्षा-7 (इकाई:2-सांख्यिकी)

अभ्यास प्रश्न पत्र-5

प्रश्न-1: 6 और 9 को टैली चिन्ह में कैसे लिखेंगे?

प्रश्न-2: 4,12,14,4,24,44, 4 में आँकड़े 4 की आवर्ती कितनी होगी ?

प्रश्न-3: 5, 6 ,11,22 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

प्रश्न-4: वर्गीकृत आँकड़ों का समांतर माध्य निकालने का सूत्र लिखें।

प्रश्न-5: त्रिज्य खंड के केंद्रीय कोण की माप का सूत्र क्या होता है?

दिनांक 18/04/2020 के उत्तर-
1. (5)^5
2. (5)^२ वर्ग मीटर
3. (5)^6, (25)^3
4. (32/33)^2, (8/9)^3
5. 1
6. 2.20×10^7

संकेत (^ का मतलब घात से है)

### कक्षा 8

1. (3/4)+(-8/9)+(5/8) को सरल कीजिये।
2. -5/4 को -15/2 से गुणा करिये।
3. 2/5 x 9/4 का गुणात्मक प्रतिलोम ज्ञात कीजिए।
4.(8/9) को किस संख्या से गुणा करें कि गुणनफल (-16/28) प्राप्त हो।
5. (-8) को (5/-16) से भाग दीजिये।

# मिशन शिक्षण संवाद

## ऑनलाइन शिक्षण कार्य

### (गणित-प्राथमिक स्तर)

20 अप्रैल 2020




सोमवार

**इकाई, दहाई, सैकड़ा, हजार**

- 1 दहाई = 10 इकाइयाँ
- 1 सैकड़ा = 10 दहाइयाँ = 100 इकाइयाँ
- 1 हजार = 10 सैकड़े = 100 दहाइयाँ = 1000 इकाइयाँ

आओ संख्याएं लिखें -




उदाहरण:

4 हजार + 2 सैकड़ा + 7 दहाई + 6 इकाई

या 4000 + 200 + 70 + 6 (विस्तारित)

संख्या बन गई-

4276 (चार हजार दो सौ छिहत्तर)

## गृहकार्य

प्रश्न 1- शब्दो में लिखो

(a) 8956 ____________________

(b) 5041 ____________________

प्रश्न 2- अंकों में लिखो-

(a) दस हजार नौ सौ उनतालीस ________

(b) नौ हजार अट्ठाइस ________

प्रश्न 3- खाली स्थान भरो

(a) 3754 ___ह० ___सै० ___द० ___इ० ___

(b) 9682 ___ह० ___सै० ___द० ___इ० ___

प्रश्न 4-विस्तारित रूप में लिखिए।

(a) 2364 ___+___+___+___+___

(b) 6469 ___+___+___+___+___

प्रश्न 5- मान बताओ

a) 6000+400+20+2 = ______

(b) 5ह०+दो सै०+6 द०+चार इ०= ______

## उत्तरमाला 19 अप्रैल 2020

### कक्षा 3

(1)40-XL ,41-XLI,42-XLII,43-XLIII,44-XLIV,45-XLV,46-XLVI, 47-XLVII,48-XLVIII,49-XLIX,50-L(2)(a)65,56(b)43 (3) (a)8081(b)1201 (4)अट्ठानवे हजार चार (5)998,1000

### कक्षा 4

(1) 45,54,,87,99,100(2) 10(3) 10099(4) 52252(5)127

### कक्षा 5

(1)155(2)ऐसी आकृति जिसमे छ फलक होते है प्रत्येक फलक वर्ग के आकार का होता है घन का आयतन =भुजा×भुजा×भुजा (3)2854.56 (4)1000 (5) 5मीटर

मिशन शिक्षण संवाद
ऑनलाइन शिक्षण कार्य
(गणित-प्राथमिक स्तर)
21 अप्रैल 2020
मंगलवार




👉स्थानीय मान(place Value)
- किसी संख्या में किसी अंक का स्थान विशेष पर जो मान होता है, वही उस अंक का स्थानीय मान होता है।

संख्या 3582 में -
3 ह०+ 5 सै०+ 8 द०+ 2 इ० है
3×1000+5×100+8×10+2×1
3000+500+80+2 = 3582
इस तरह संख्या 3582 में
3 का स्थानीय मान 3000
5 का स्थानीय मान 500
8 का स्थानीय मान 80
2 का स्थानीय मान 2 है।

👉अंकित मान(Face Value)
- किसी संख्या में किसी अंक का निर्धारित आंकिक मान (Numeral Value) ही अंकित मान है।

जैसे - संख्या 568 में
5 का अंकित मान 5
6 का अंकित मान 6
8 का अंकित मान 8 है।

## गृह कार्य

1:- सभी अंको के स्थानीय मान लिखो
(a) 4692
(b) 4579
2:- संख्या 4847 में 4 के दोनों अंको के स्थानीय मान का योग करो।
3:- संख्या 5892 में 5 व 2 के स्थानीय मानों का योगफल बताओ।
4:-निम्न सभी अंको का अंकित मान लिखो
(a) 4567
(b) 3982
5:- 3000, 200, 60 व 1 स्थानीय मान वाले अंकों से बनने वाली संख्या लिखो।

**उत्तरमाला 20 अप्रैल 2020**

1(a)आठ हजार नौ सौ छप्पन (b) पांच हजार इकतालीस 2(a)10939(b)9028
3(a)3,7,5,4(b)9,6,8,2
4(a)2000+300+60+4
(b)6000+400+60+9,
5(a)6422(b)5264

22 अप्रैल 2020

# मिशन शिक्षण संवाद
## ऑनलाइन शिक्षण कार्य
### (गणित-प्राथमिक स्तर)



बुधवार

**छोटी और बड़ी संख्या ज्ञात करने के नियम**

👉 सबसे पहले देखें कि दी हुई संख्या में कितने अंक हैं, यदि अंक में अंतर हो तो दोनों संख्याओं में जिस संख्या में अधिक अंक होते हैं, वह संख्या बड़ी होती है ।
उदाहरण:- 4565 > 567

👉 यदि दोंनो संख्याओं में अंकों की संख्या समान हो, तो सबसे पहले बाईं ओर लिखे अंकों की तुलना करते हैं। जिस संख्या का अंक बड़ा होता है बो संख्या बड़ी होती है।
उदाहरण:- 456 < 765

👉 यदि किसी संख्या के बाईं ओर शून्य हो तो उसका कोई अर्थ नहीं होता है यदि दाईं ओर शून्य हो तो उसका अर्थ होता है।
उदाहरण:- 098 < 120

👉 सबसे बाईं ओर के अंक समान होने पर उनके ठीक बाद में दाईं ओर बाले अंको की तुलना करते हैं।
उदाहरण:- 567 > 543

👉 आरोही क्रम (Ascending Order):-बढ़ते हुए क्रम को आरोही क्रम कहते है।
उदाहरण:- 34,54,24,65,17
आरोही क्रम-17,24,34,54,65

👉 अवरोही क्रम क्रम(Descending Order):- घटते हुए क्रम को अवरोही क्रम कहते हैं।
उदाहरण:-. 45,56,34,65
अवरोही क्रम :-65,56,45,34

**गृह कार्य**

(1) रिक्त स्थानों की पूर्ति करो(>, <, =)
(a)446 ... 654
(b)567 ... 345
(c)1234 ... 567
(d)123 ... 123

(2) आरोही क्रम में लिखो:-
(a)45,76,24,89
(b)567,768,345,256

(3) अवरोही क्रम में लिखो:-
(a)56,67,45,19
(b)356,654,876,123

(4)निम्न में से सबसे छोटी, सबसे बड़ी संख्या लिखो :-
(a)567, 654, 345,789
(b)190,209,018,260

**उत्तरमाला 21 अप्रैल 2020**

(1)a: 4000,600,90,2 b: 4000,500,70,9 (2)4040 (3)5002 (4)a: 4,5,6,7 b: 3,9,8,2 (5) 3261



## सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्या का निर्माण

👉दिए हुए अंको से सबसे बड़ी संख्या ज्ञात करने का नियम:-सबसे बड़ी संख्या ज्ञात करने के लिए अंकों को अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें
उदाहरण:-अंक 6,5,7,9 से सबसे बड़ी संख्या बनाना।
सबसे बड़ी संख्या:-9765

👉दिए हुए अंको से सबसे छोटी संख्या ज्ञात करने का नियम :- सबसे छोटी संख्या को ज्ञात करने के लिए अंकों को आरोही क्रम में व्यवस्थित करें लेकिन पहला अंक 0. नहीं हो लेकिन सबसे छोटी संख्या हो। फिर शून्य(0)
उदाहरण:-अंक 2,0,9,1
सबसे छोटी संख्या:-1029

📝 याद करने के कुछ बिन्दु-
एक अंक की सबसे बड़ी संख्या-9
दो अंक की सबसे बड़ी संख्या-99
तीन अंक की सबसे बड़ी संख्या-999
चार अंक की सबसे बड़ी संख्या-9999
.....................................
एक अंक की सबसे छोटी संख्या-1
दो अंक की सबसे छोटी संख्या-10
तीन अंक की सबसे छोटी संख्या-100
चार अंक की सबसे छोटी संख्या-1000

### गृह कार्य

(1)निम्न अंको से सबसे बड़ी संख्या का निर्माण करो।
(a)4,5,3,1 (c)1,0,6,3
(b)9,4,5,2 (d)3,5,1,9
(2)निम्न अंको से सबसे छोटी संख्या का निर्माण करो।
(a)6,5,3,0 (c)2,0,6,1
(b)3,4,5,1 (d)4,5,1,9
(3)दो अंको की सबसे छोटी संख्या तथा दो अंको की सबसे बड़ी संख्या का अंतर ज्ञात करो।
(4) तीन अंको की सबसे बड़ी संख्या तथा चार अंको की छोटी संख्या का अंतर ज्ञात करो ।

### उत्तर माला 22 अप्रैल 2020

(1)(a)< (b)> (c)> (d) =
(2)(a)24,45,76,89
(b)256,345,567,768
(3)(a)67,56,45,19
(b)876,654,356,123
(4)(a)सबसे छोटी-345, सबसे बड़ी-789
(b)सबसे छोटी-018, सबसे बड़ी-260



## जोड़ने के नियम

👉इकाई को जोड़े- 5+8=13=1दहाई,3इकाइयाँ । इकाइयों को इकाई के स्तम्भ में नीचे लिखे।1 दहाई को हासिल के रूप में दहाई के स्तम्भ में ऊपर लिखें।

👉दहाई को जोड़ें:-1+4+9=14= 1 सैकड़ा,4 दहाइयाँ। 4 दहाइयों को दहाई स्तम्भ में नीचे लिखें।1 को हासिल के रूप में सैकड़े के स्तम्भ में ऊपर लिखें।

👉सैकड़े को जोड़ें:-1+3+8 =12 = 1 हजार, 2 सैकड़े। 2सैकड़े को सैकड़े के स्तम्भ में नीचे लिखें ।1 को हासिल के रूप में हजार के स्तम्भ में ऊपर लिखे।

👉हजार को जोड़ें:-1+4+3= 8हज़ार । 8 को हजार के स्तम्भ में नीचे लिखें।

### ऐसे भी देखें—

| | ह0 | सै0 | द0 | इ0 |
|---|---|---|---|---|
| (हासिल) | 1 | 1 | 1 | |
| | 4 | 3 | 4 | 5 |
| + | 3 | 8 | 9 | 8 |
| | 8 | ① 2 | ① 4 | ① 3 |

= 8 2 4 3

### गृह कार्य

(1)निम्न संख्याओ को जोड़ो :-

(a) 4567 + 2535

(b) 3456 + 6542

(c) 1008 + 2584

(d) 9999 + 125

(2) मोहन के पास 5643 रुपये थे उसके पापा ने उसे 345 रुपये और दे दिए । बताओ मोहन के पास अब कुल कितने रुपये हो गए है?

(3) रिचा ने 56 रुपये के सेव तथा 65 रुपये के संतरा और 45 रुपये के केले खरीदे बताओ रिचा ने कुल कितने रुपये का सामान खरीदा ?

(4) एक गाँव मे 456 पुरुष तथा345 महिलाएं और 130 बच्चे तो बताओ कि गाँव मे कुल कितनी जनसंख्या है?

**उत्तर माला 23अप्रैल2020**

(1(a)5431(b)9542 (c)6310 (d)9531

(2(a)3056 (b)1345 (c)1026 (d)1459

(3)89 (4)1

घटाना -

👉जोड़ने की प्रक्रिया के विरुद्ध प्रक्रिया को घटाना (Subtraction) कहा जाता है। जब किसी संख्या अथवा अंक से किसी दूसरी संख्या या अंक को कम किया जाता है तो उसे घटाना कहा जाता है। घटाने को - चिह्न से प्रदर्शित किया जाता है, जिसे ऋण (Minus) चिह्न कहते हैं।

👉विघटन- घटाने के लिए दहाइयों को इकाइयों में, सैकड़ों को दहाइयों में व हजारों को सैकड़ो में बदलना ताकि घटाने का आवश्यक कार्य किया जा सके। जैसे - रिक्शा के किराये के 7 रु देने हैं लेकिन एक 10 रुपये का नोट है, तो नोट को 10 इकाइयों अर्थात 1 रुपए के सिक्कों से बदलना होगा ताकि सही किराया चुका सकें।

```
   10
   -7
----------
    3
------------
```

गृह कार्य

(1) निम्न संख्याओं को घटाओ:-
(a) 5678 - 2345 (b) 7345 - 2340
(c) 1000 - 999 (d) 5671 - 3451

(2) अंकों 2,4,6,1 से बड़ी से बड़ी से बड़ी तथा छोटी से छोटी संख्या बनाओ और उनका अंतर ज्ञात करो।

(3) तीन अंको की सबसे बड़ी तथा दो अंको की सबसे छोटी संख्या का अंतर ज्ञात करो ।

(4) अमन के पास 1000 रुपये थे उसने एक दुकान से 155 रुपये की दाल और 200 के चावल और 455 रुपये का आटा खरीदा बताओ अमन के पास कुल कितने रुपये शेष बचे ?

उत्तर माला 24 अप्रैल 2020

(1(a)7102 (b)9998
(c)3592 (d)10124
(2)5988 (3)166 (4)931

## गुणा की अवधारणा :-

• जब किसी संख्या अथवा अंक में उसी संख्या अथवा अंक को एक या एक से अधिक बार जोड़ा जाता है तो इस प्रक्रिया को गुणा (Multiplication) कहते हैं। संख्या अथवा अंक को जितनी बार जोड़ा जाता है वह उतनी ही बार गुणा होता है। गुणा को x चिह्न से प्रदर्शित किया जाता है।

उदाहरण:-5+5+5+5=20
5×4=20

• किन्हीं दो संख्याओं के आपस में गुणा करने पर, संख्याओं का आपस में स्थान बदल देने से गुणा के परिणाम पर कोई अंतर नही पड़ता है।
जैसे :-45×12 या 12×45

• किसी संख्या में शून्य से या शून्य में किसी संख्या से गुणा करने पर परिणाम शून्य ही प्राप्त होता है।
जैसे:- 0×21= 0

• किसी संख्या में 1 से गुणा करने पर वही संख्या प्राप्त होती है। जैसे:-23×1=23

• किसी संख्या में 10,20,30......से गुणा करने के लिए क्रमशः1,2,3......का गुणा करके,प्राप्त गुणनफल के दाई ओर एक शून्य लगा दिया जाता है।
जैसे:-10×52=520

• पहले 9 इकाई का दो गुना करेंगे, आया 18 ,अब 18 का इकाई अंक 8 इकाई के नीचे लिखेंगे।18 का दहाई अंक 1 दहाई के ऊपर लिखेंगे फिर 9 का 1 गुना करेंगे और हासिल को जोड़ कर लिखेंगे। देखें.......

सै .द. इ.
(1)
1 2 गुण्य(Multiplicand)
× 9 गुणक(Multiplier)
---------------------------------------------
1 0 8 गुणनफल(Product)
---------------------------------------------

## गृह कार्य

(1)गुणा करो
(a) 342×12
(b) 312×24
(2)रिक्त स्थान की पूर्ति करो:-
(a) 20×45 = .......
(b) 0×67 = .........
(c) 56×1 = ........
(d) 45×0 = .........
(3) यदि एक किलो चावल का मूल्य 55 रुपये है तो बच्चो बताओ कि 45 किलो चावल का मूल्य कितना होगा?
(4) यदि 1 पेंसिल का मूल्य 4 रुपये है तो एक दर्जन पेंसिल का मूल्य कितना होगा?

## उत्तर माला 25 अप्रैल 2020

(1) (a)3333 (b)5005 (c)1
(d)2220 (2)5175
(3)989 (4)190




गुणा करने की प्रक्रिया के विरुद्ध प्रक्रिया को विभाजन (division) या भाग करना कहा जाता है। जब किसी संख्या अंक में किसी संख्या अथवा अंक को एक से अधिक बार घटाया जाता है तो उसे भाग कहते हैं। संख्या अथवा अंक को जितनी बार घटाया जाता है, उतनी ही बार भाग देना होता है। भाग को ÷ या / चिह्न से प्रदर्शित किया जाता है ।जैसे:- 6÷2 = 3

👉किसी संख्या में शून्य से भाग, अपरिभाषित है।

👉किसी संख्या में 10 से भाग देने पर सैंकड़े दहाइयों में ,दहाइयाँ इकाइयों मेंऔर इकाइयाँ शेष फल में बदल जाती है।


👉जिस संख्या में भाग दिया जाता है, वह भाज्य कहलाती है।

👉जिस संख्या से भाग दिया जाता है, वह भाजक कहलाती है।

👉भाग देने पर जो परिणाम प्राप्त होता है, वह भागफल कहलाता है।

👉 भाग देने पर जो हिस्सा बिना बँटा रह जाता है, उसे शेषफल कहते हैं।

उदाहरण:-




गृहकार्य

(1) भाग करो -

(a) 345 ÷ 8

(b) 1234 ÷ 12

(c) 120÷10

(d) 230÷0

(2) बराबर बांटो और शेषफल बताओ:-

(a) 50 टॉफी को 6 जगह

(b) 67 पेंसिल को 9 जगह

(3) एक पीपे में 18 किलोग्राम घी है । उससे 3 - 3 किलोग्राम घी के कितने डिब्बे भरे जा सकते हैं?


(4) एक नाव एक बार में 6 लोगों को नदी पार ले जा सकती है।136 लोगो को कितने बार मे पार ले जाएगी । और आखरी बार में कितने लोग जाएंगे?

**उत्तर माला 26 अप्रैल 2020**

(1)(a)4104 (b)7488 (2) (a)900 (b)0 (c)56 (d)0 (3)2475 (4)48

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान



## दैनिक अभ्यास - (गणित - प्राथमिक स्तर )

### 28 अप्रैल 2020, मंगलवार


### भिन्न (Fraction):-

जब किसी राशि को कई बराबर भागों में बांटकर उनमें से कुछ भाग लिए जाए तो उसे भिन्न के रूप में व्यक्त किया जाता हैं। यदि कोई संख्या $\frac{x}{y}$ के रूप में हो, तो उसे भिन्न कहते हैं।

यहाँ x और y कोई पूर्णाक संख्या हैं,

भिन्न = $\frac{\text{अंश}}{\text{हर}}$

#### भिन्न के प्रकार

भिन्न के मुख्यतः तीन प्रकार से जाना जाता है। जो निम्नानुसार है।

(1) साधारण भिन्न, (2) दशमलव भिन्न, (3) सतत भिन्न

**1. साधारण भिन्न**

जब किसी संख्या का पूर्ण भाग किसी संख्या में नही जाता है तो उसे हम साधारण भिन्न कहते है। जैसे 4 में 5 से भाग दिया जाए तो इसका पूरा भाग नही जाता है।

अतः $\frac{4}{5}$ एक साधारण भिन्न है।

साधारण भिन्न भी तीन प्रकार की होती है

(a) उचित भिन्न, (b) अनुचित भिन्न, (c) मिश्रित भिन्न

(a) उचित भिन्न : ऐसे भिन्न जिसमें हर अंश की अपेक्षा छोटा हो साधारण भिन्न कहलाता हैं।

उदहारण : $\frac{2}{5}$, $\frac{3}{11}$, $\frac{7}{9}$

(b) अनुचित भिन्न : ऐसी भिन्न जिसमें अंश, हर की अपेक्षा बड़ा होता हैं।

उदहारण : $\frac{7}{4}$, $\frac{11}{3}$, $\frac{48}{5}$

(c) मिश्रित भिन्न : ऐसा भिन्न जिसमें साधारण संख्या और उचित भिन्न का मिश्रण हो उसे मिश्रित भिन्न कहा जायेगा। और अनुचित भिन्न को हल करने पर मिश्रित भिन्न प्राप्त होती हैं।

**2. दशमलव भिन्न**

दशमलव भिन्न ऐसी भिन्न होती हैं जिसका हर 10 या 10 की कोई घातों के रूप में हो, उसे दशमलव भिन्न कहते हैं।

दूसरे शब्दों में यदि अंश में हर से भाग दिया जाए तो दशमलव में प्राप्त राशि दशमलव भिन्न कहलायेंगी।

उदहारण : $\frac{6}{10}$, $\frac{12}{100}$, $\frac{528}{1000}$, $\frac{3}{4}$, $\frac{4}{5}$

जब भिन्न का हर समान हो। तब जिसका अंश सबसे छोटा हैं वह भिन्न सबसे छोटी होगी तथा जिसका अंश सबसे बड़ा हैं वह भिन्न सबसे बड़ी होगी ।

जैसे :- $\frac{5}{6} < \frac{7}{6}$

जब भिन्नों का अंश समान हो, तो जिस भिन्न का हर सबसे बड़ा होगा, वह भिन्न सबसे छोटी तथा जिस भिन्न का हर सबसे छोटा होगा, वह भिन्न सबसे बड़ी होगी।

जैसे:- $\frac{4}{6} < \frac{4}{3}$

### गृह कार्य

प्रश्न 1:- $\frac{7}{10}$, $\frac{5}{7}$, $\frac{10}{11}$, $\frac{2}{5}$, $\frac{4}{9}$

निम्न भिन्नों में से सबसे बडी भिन्न कौन सी हैं?

प्रश्न 2:-

$\frac{11}{14}$, $\frac{3}{7}$, $\frac{5}{9}$, $\frac{7}{11}$, $\frac{2}{3}$

निम्न भिन्नों में से सबसे छोटा भिन्न कौन सी हैं?

प्रश्न 3:- $\frac{5}{8}$ में कौन सी भिन्न संख्या जोड़ी जाए, की योगफल $\frac{7}{8}$ प्राप्त हो?

प्रश्न 4:-हल करो :-

(a) $\frac{5}{6} + \frac{2}{6}$

(b) $\frac{4}{8} - \frac{3}{8}$

(c) $\frac{6}{5} + \frac{4}{10}$

(d) $\frac{7}{6} - \frac{2}{12}$

### उत्तर माला 27 अप्रैल 2020

(1) (a) भागफल 43, शेषफल 1

(b) भागफल 102, शेषफल 10

(c) 12, (d) अपरिभाषित,

(2) (a) भागफल 8, शेषफल 2

(b) भागफल 7, शेषफल 4

(3) 6 डिब्बे

(4) 22 बार, आखिरी बार 4

# मिशन शिक्षण संवाद
## ऑनलाइन शिक्षण कार्य
### (गणित- प्राथमिक स्तर)



29 अप्रैल 2020 बुधवार

**भिन्न क्या है?**

ऐसी संख्या जिसे हम x/y या कहें अंश/हर के रूप में प्रदर्शित कर सकें, भिन्न कहलाती है।
जैसे - 1/2, 3/5, 8/5 आदि


यहाँ पर अंश और हर दो शब्द आये हैं।

**आइए जानें अंश और हर क्या होते हैं?**

अंश → हिस्सा
---- ________________
हर → किसी वस्तु के बराबर भाग

अर्थात किसी 1 वस्तु के जितने बराबर भाग करेंगे वह 'हर' के स्थान पर रखेंगे और उस बराबर भाग में जितने भाग हम किसी को दे/प्राप्त करें वह अंश के स्थान पर रखेंगे।

उदाहरण - चित्र के माध्यम से समझने का प्रयास करेंगे।




1/4 3/5

यहां 1 वस्तु के क्रमशः 4 और 5 बराबर टुकड़े किये गए हैं जिन्हें हम हर के स्थान पर रखेंगे और रंगीन टुकड़े क्रमशः 1 और 3 प्राप्त होने वाला हिस्सा है जिसे हम अंश के स्थान पर रखेंगे।


प्रथम त्रिभुज के 4 बराबर टुकड़े में से 1 टुकड़ा हमको प्राप्त हुआ अर्थात हम इसे भिन्न के रूप में 1/4 (एक बटा चार) लिखेंगे/पढ़ेंगे।
इसी प्रकार वृत्त के 5 बराबर टुकड़ो में से 3 टुकड़े प्राप्त होने पर इसे भिन्न रूप में 3/5 (तीन बटा पांच) लिखेंगे/पढ़ेंगे।

**कुछ और चित्रों के माध्यम से हम भिन्न का मान समझने का प्रयास करते हैं।**




## अभ्यास के प्रश्न

प्रश्न 1- निम्न वृत चित्रों में पीला हिस्सा आपको प्राप्त हो रहा है, प्राप्त भाग को भिन्न रूप में लिखिए।



प्रश्न 2. निम्नलिखित भिन्नों को चित्र के माध्यम से प्रदर्शित करिये।
A. 4/5 B. 3/8 C. 2/7 D. 3/3

## दिनांक 28/04/2020 के उत्तर

उत्तर 1- 10/11
उत्तर 2- 3/7
उत्तर 3- 2/8
उत्तर 4- (a)7/6 (b)1/8
(c) 8/5 (d) 1

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान



## दैनिक अभ्यास - (गणित - प्राथमिक स्तर )

30 अप्रैल 2020, गुरुवार

### भिन्न का जोड़ना और घटाना

जब हर समान होते हैं तब

$$\text{भिन्न का योग} = \frac{\text{अंश का योग}}{\text{हर}}$$

जैसे :- $\frac{4}{6} + \frac{5}{6}$

$= \frac{(4 + 5)}{6}$

$= \frac{9}{6}$

$$\text{भिन्न का घटाना} = \frac{\text{अंश का अंतर}}{\text{हर}}$$

जैसे :- $\frac{8}{3} - \frac{4}{3}$

$= \frac{(8 - 4)}{3}$

$= \frac{4}{3}$

यदि हर असमान हो तो सर्वप्रथम हर को समान करना होगा उसके बाद योग व घटाना किया जाता है ।

हर समान करने लिए सर्व प्रथम हर का ल.स.प.(LCM) लेना होगा

जैसे :- $\frac{5}{8} + \frac{6}{4}$

LCM = 8

$= \frac{5}{8} + \frac{6 \times 2}{4 \times 2}$

Note.... $\frac{6}{4}$ के अंश और हर में 2 का गुणा किया |

(किसी भिन्न के अंश व हर में समान संख्या से गुणा करने पर कोई अंतर नहीं होता )

$= \frac{5}{8} + \frac{12}{8}$

$= \frac{17}{8}$

### गृह कार्य

(1) हल करो:-

(a) $\frac{4}{6} + \frac{5}{6}$

(b) $\frac{5}{8} - \frac{2}{8}$

(c) $\frac{2}{9} + \frac{4}{3}$

(d) $\frac{1}{5} - \frac{2}{10}$

(2) एक वृत की आकृति बनाओ और उसके $\frac{1}{4}$ भाग में रंग भरो।

(3) गुलशन ने एक सेब का $\frac{1}{4}$ भाग रजिया को और $\frac{1}{4}$ भाग गौरव को दे दिया बताओ गुलशन के पास कितना भाग शेष बचा ?

(4) किसी आकृति के $\frac{3}{4}$ भाग में रंग भरो ।


### उत्तर माला, 29 अप्रैल 2020

(1) $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{4}$, $\frac{1}{3}$, $\frac{3}{4}$

(2) A.



B.



C.



D.



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान



**दैनिक अभ्यास - (गणित - प्राथमिक स्तर )**

1 मई 2020, शुक्रवार

## भिन्नों का गुणा:-

दो भिन्नों का गुणा करते समय अंश का अंश में तथा हर का हर में गुणा करते हैं।

दो भिन्नों का गुणा = $\frac{\text{अंशो का गुणनफल}}{\text{हरों का गुणनफल}}$

उदाहरण:- $\frac{2}{5} \times \frac{3}{2}$

$= \frac{(2\times3)}{(5\times2)}$

$= \frac{6}{10}$

भिन्न का क्रम बदल देने से भिन्नों के गुणनफल में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

$\frac{1}{4} \times \frac{2}{5} = \frac{2}{5} \times \frac{1}{4}$

$\frac{2}{20} = \frac{2}{20}$

किसी भिन्न में 1 का गुणा करने पर भिन्न में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

जैसे:- $\frac{2}{5} \times \frac{1}{1} = \frac{2}{5}$

यदि किसी भिन्न में शून्य का गुणा किया जाए तो गुणनफल शून्य प्राप्त होता है।

जैसे:- $\frac{3}{4} \times \frac{0}{0} = 0$

भिन्न का व्युत्क्रम (Recipocal) :- यदि किसी भिन्न का अंश और हर का स्थान आपस मे परिवर्तित कर देना ही भिन्न का व्युत्क्रम होता है।

जैसे:-

$\frac{4}{5}$ का व्युत्क्रम $= \frac{5}{4}$

2 का व्युत्क्रम $= \frac{1}{2}$

## गृह कार्य

(1) गुणा करो:-

(a) $\frac{5}{4} \times \frac{2}{5}$

(b) $\frac{7}{3} \times \frac{6}{4}$

(c) $\frac{5}{2} \times \frac{1}{1}$

(d) $\frac{6}{3} \times \frac{0}{0}$

(2) खाली स्थान भरो

(a) $\frac{2}{3} \times \frac{5}{4} = \frac{5}{4} \times$ ______

(b) $\frac{8}{2} \times$ ______ $= \frac{3}{6} \times \frac{8}{2}$


(3) $\frac{1}{2}$, $\frac{3}{4}$ और $\frac{2}{3}$ का गुणनफल ज्ञात करो।

(4) एक चाय के पैकिट में $\frac{1}{2}$ किलोग्राम चाय है तो बताओ कि 40 पैकिट के लिए कितने किलो चाय की आवश्यकता होगी ?

## उत्तरमाला 30 अप्रैल 2020


(1) (a) $\frac{9}{6}$ (b) $\frac{3}{8}$ (c) $\frac{14}{9}$ (d) 0

(2)



(3) $\frac{1}{2}$

(4)





# मिशन शिक्षण संवाद

गणित - प्राथमिक स्तर    02 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य

## भिन्नों का भाग

नियम :-

सबसे पहले हम जिस भिन्न में जिस भिन्न से भाग करना होता है उसे निश्चित कर लेते है ।

अब हम पहली भिन्न को आगे लिख लेते है उसके बाद हम गुणा का चिन्ह बनाते है ।

अब जिस भिन्न से भाग करना होता है उसे हम उल्टा करके लिख लेते है अर्थात हर को अंश तथा अंश को हर कर देते है।


अब हम भिन्नों का आपस में गुणा कर लेते है यदि भिन्न सरल करने योग्य है तो उसे हम सरल कर लेते है

जैसे :- $\frac{2}{5} \div \frac{2}{10}$

$= \frac{2}{5} \times \frac{10}{2}$

$= \frac{20}{10}$

$= 2$




## गृह कार्य

(1) भाग दो :-

(a) $\frac{3}{4}$ में $\frac{2}{3}$ से

(b) $\frac{12}{1}$ मे $\frac{3}{4}$ से

(c) $\frac{5}{8}$ में $\frac{4}{1}$ से

(d) $\frac{1}{4}$ में $\frac{2}{4}$ से

(2) मान बताओ

(a) $\frac{12}{1} \div \frac{4}{3}$    (b) $\frac{5}{15} \div \frac{10}{1}$

(3) $\frac{8}{5}$ मीटर लम्बी रस्सी के 4 बराबर भाग किये गए, प्रत्येक भाग की लंबाई ज्ञात करो।

(4) 8 को $\frac{1}{6}$ से विभाजित करने पर भागफल कितना होगा ?

## उत्तरमाला 1 मई 2020

(1) (a) $\frac{10}{20}$    (b) $\frac{42}{12}$

(c) $\frac{5}{2}$    (d) 0

(2) (a) $\frac{2}{3}$    (b) $\frac{3}{6}$

(3) $\frac{6}{24}$

(4) 20 किलोग्राम



# मिशन शिक्षण संवाद

## गणित - प्राथमिक स्तर 3 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य

## दशमलव (Decimal)

1. दसवें, सौवें आदि के मध्य किसी अंश को बतलाने हेतु लगाया गया बिंदु दशमलव है। (जैसे :- दस दशमलव पाँच, 10.5)।
2. दशमलव से सूचित की गई संख्या को इस प्रकार लिखते हैं | जैसे:- 5.82

3- एक दसवाँ को भिन्न में 1/10 के रूप में लिखते है। इसे दशमलव संख्या के रूप में 0.1 लिखते हैं।

4- दो दसवाँ को भिन्न में 2/10 के रूप में लिखते हैं। इसे दशमलव संख्या के रूप में 0.2 लिखते हैं।

5- एक सौवाँ भाग अर्थात 1/100 का दशमलव रूप 0.01 है।

6- दो सौवाँ भाग 2/100 का दशमलव रूप 0.02 है।

इसे निम्न प्रकार से समझें ............

| चित्र | संख्या | भिन्न में | दशमलव में | पढ़ने का तरीका |
|---|---|---|---|---|
| | 1 दसवाँ | $\frac{1}{10}$ | 0.1 | शून्य दशमलव एक |
| | 2 दसवाँ | $\frac{2}{10}$ | 0.2 | शून्य दशमलव दो |
| | 3 दसवाँ | $\frac{3}{10}$ | 0.3 | शून्य दशमलव तीन |
| | 4 दसवाँ | $\frac{4}{10}$ | 0.4 | शून्य दशमलव चार |
| | 5 दसवाँ | $\frac{5}{10}$ | 0.5 | शून्य दशमलव पाँच |

## गृह कार्य

तालिका को देखकर रिक्त स्थान भरें :-

| | दशमलव में | पढ़ने का तरीका | भिन्न | संख्या | चित्र |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 0.6 | शून्य दशमलव छह | $\frac{6}{10}$ | 6 दसवाँ | |
| (2) | 0.5 | शून्य दशमलव पाँच | ______ | ______ | |
| (3) | ______ | ______ | $\frac{4}{10}$ | ______ | |
| (4) | ______ | शून्य दशमलव आठ | ______ | 8 दसवाँ | |
| (5) | 0.9 | ______ | $\frac{9}{10}$ | 9 दसवाँ | |

## उत्तर माला 02 मई 2020

1) (a) 9/8 (b) 16 (c) 5/32 (d) 1/2
2) (a) 9 (b) 1/30
3) 2/5 मीटर
4) 48

# मिशन शिक्षण संवाद

## गणित - प्राथमिक स्तर 4 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य

### दशमलव संख्याओं का विस्तार

पूर्व ज्ञान :- इकाई - 1

दहाई- 10

सैकड़ा- 100

हजार- 1000

उदाहरण:- 251= 2×सैकड़ा+5×दहाई+1×इकाई

= 2×100 +5×10 +1×1

= 200+50+1

दशमलव संख्या के नियम:-

दसवाँ- 1/10

सौवाँ- 1/100

हजारवाँ- 1/1000

उदाहरण-1

0.542 = 5×दसवाँ+4×सौवाँ+2×हजारवाँ

= 5×1/10 +4×1/100+2×1/1000

उदाहरण-2

45.34 =4×दहाई+5×इकाई+3×दसवाँ+4×सौवाँ

= 4×10+5×1+3×1/10+4×1/100

= 40+5+3/10+4/100

### गृह कार्य

(1)संख्या को विस्तार रूप में लिखो:-

(a) 2346
(b) 5601
(c) 28.45
(d) 45.234

(2) रिक्त स्थानों की पूर्ति करो-

(a) 567 = 5 ×....+ 6 ×...+ 7 ×....
(b) 9.34 = 9 ×...+ 3 ×....+ 4 ×....
(c) 45.5 = ....× दहाई +....× इकाई+....× दसवाँ

(3) दशमलव संख्याओं को भिन्न में परिवर्तित करो-

(a) 0.05
(b) 1.5
(c) 0.5
(d) 2.0

(4) भिन्नों को दशमलव संख्या में बदलो:-

(a) 4/100
(b) 15/10
(c) 5/1000
(d) 25/100

### उत्तर माला, 03 मई 2020

(1) हल है। (2) 5/10, 5 दसवाँ

(3) 0.4, शून्य दशमलव चार, 4 दसवाँ

(4) 0.8, 8/10 (5) शून्य दशमलव नौ,

# मिशन शिक्षण संवाद

## गणित - प्राथमिक स्तर    5 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य

### इकाई परिवर्तन और दशमलव

| | |
|---|---|
| 1 मिलीग्राम = $\frac{1}{1000}$ ग्राम = 0.001 ग्राम | 1 डेकाग्राम = 10 ग्राम |
| 1 सेंटीग्राम = $\frac{1}{100}$ ग्राम = 0.01 ग्राम | 1 हेक्टोग्राम = 100 ग्राम |
| 1 डेसीग्राम = $\frac{1}{10}$ ग्राम = 0.1 ग्राम | 1 किलोग्राम = 1000 ग्राम |

| | |
|---|---|
| 1 मिलीमीटर = $\frac{1}{1000}$ मीटर = 0.001 मीटर | 1 डेकामीटर = 10 मीटर |
| 1 सेंटीमीटर = $\frac{1}{100}$ मीटर = 0.01 मीटर | 1 हेक्टोमीटर = 100 मीटर |
| 1 डेसीमीटर = $\frac{1}{10}$ मीटर = 0.1 मीटर | 1 किलोमीटर = 1000 मीटर |

**जैसे:-**

25 किग्रा = 25×1000 ग्राम
= 25000 ग्राम

456 ग्राम = 456 × 1/1000 किग्रा
= 456/1000 किग्रा
= 0.456 किग्रा

42 मीटर = 42×100 सेमी
= 4200 सेमी

345 सेमी = 345×1/100 मीटर
= 3.45 मीटर

34 मीटर = 34×10 डेसीमीटर
= 340 डेसीमीटर

56 डेसीमीटर = 56×1/10 मीटर
= 56/10 मीटर
= 5.6 मीटर

### गृह कार्य

(1) निम्न को ग्राम में बदलो।
(a) 345 किलोग्राम
(b) 45 किलोग्राम

(2) निम्न को किलोग्राम में बदलो।
(a) 87 ग्राम
(b) 456 ग्राम

(3) निम्न को सेंटीमीटर में बदलो।
(a) 564 मीटर
(b) 87 मीटर

(4) निम्न को मीटर में बदलो।
(a) 977 सेंटीमीटर
(b) 650 सेंटीमीटर

(5) निम्न को मीटर में बदलो।
(a) 56 डेसीमीटर
(b) 10 डेसीमीटर

### उत्तरमाला 04 मई 2020

(1) (a) 2000+300+40+6 (b) 5000+600+0+1
(c) 20+8+4/10+5/100
(d) 40+5+2/10+3/100+4/1000

(2) (a) 100, 10, 1 (b)1, 1/10, 1/100
(c) 4, 5, 5

(3) (a) 5/100 (b) 15/10 (c) 5/10
(d) 20/10

(4) (a) 0.04 (b) 1.5 (c) 0.005
(d) 0.25



# मिशन शिक्षण संवाद

गणित - प्राथमिक स्तर 6 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य

## इकाई परिवर्तन और दशमलव

(लीटर)
(मीटर)
(ग्राम)

प्रत्येक पहले से अगला 10 गुना छोटा — बड़े से छोटे की ओर →

← छोटे से बड़े की ओर — प्रत्येक पहले से अगला 10 गुना बड़ा

| किलो | हेक्टो | डेका | इकाई | डेसी | सेण्टी | मिली |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1000 | 100 | 10 | 1 | $\frac{1}{10}$ | $\frac{1}{100}$ | $\frac{1}{1000}$ |

[ 10 गुना [ 10 गुना [ 10 गुना ] 10 गुना [ 10 गुना [ 10 गुना ]

### मीट्रिक पद्धति याद करना

डेका दस है, किलो हजार, हेक्टो से समझो सौ बार |
दसम डेसी, सौंवां सेंटी, है हजारवां, भाग मिली ||

जैसे:

54 मिलीलीटर = 54×1/1000 लीटर
= 54/1000 लीटर
= 0.054 लीटर

34 सेन्टीलीटर = 34×1/100
= 0.34 लीटर

87 डेसीलीटर = 87×1/10 लीटर
= 8.7 लीटर

65 डेकालीटर = 65×10 लीटर
= 650 लीटर

98 हेक्टोलीटर = 98×100 लीटर
= 9800 लीटर

34 किलोलीटर = 34 ×1000 लीटर
= 34000 लीटर

## गृह कार्य

(1) निम्न को लीटर में बदलो।
(a) 567 मिलीमीटर (b) 43 मिलीमीटर

(2) निम्न को लीटर में बदलो।
(a) 123 सेंटीलीट (b) 32 सेंटीलीटर

(3) निम्न को लीटर में बदलो।
(a) 76 डेसीलीटर (b) 90 डेसीलीटर

(4) निम्न को लीटर में बदलो।
(a) 456 डेकालीटर (b) 1212डेकालीटर

(5) 67 हेक्टोमीटर को मीटर में बदलो।

(6) 70 किलोलीटर को लीटर में बदलो।

### उत्तरमाला 05 मई 2020

(1) (a) 345000 ग्राम (b) 45000 ग्राम
(2) (a) 0.087 किग्रा (b) 0.456 किग्रा
(3) (a) 56400 सेमी (b) 8700 सेमी
(4) (a) 9.77 मीटर (b) 6.50 मीटर
(5) (a) 5.6 मीटर (b) 1.0 मीटर



# मिशन शिक्षण संवाद

## गणित - प्राथमिक स्तर 7 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य


### *आकृति का ज्ञान और परिमाप*

**बन्द आकृति :-** ऐसी आकृति जिस बिंदु से शुरु होती है यदि उसी बिन्दु पर आकर समाप्त हो बन्द आकृति कहलाती है।


**खुली आकृति:-** ऐसी आकृति जो एक बिन्दु से प्रारम्भ हो और दूसरे बिन्दु पर समाप्त हो, खुली आकृति कहलाती है।

**बिन्दु:-** बिन्दु का कोई आकर नही होता है केबल आकृति होती है। •

**रेखा:-** रेखा का किसी एक दिशा में विस्तार होता है। ————————




**त्रिभुज (triangle)** तीन भुजाओं एवं तीन कोणों से बनी आकृति होती है। इसके तीनों कोणों का योग सदैव 180°होता है



**वर्ग (Square)** में चार भुजाएं होती है प्रत्येक भुजा बराबर होती है और प्रत्येक कोण 90° का होता है।

वर्ग (Square) का परिमाप = 4 × भुजा

जैसे:- वर्ग की भुजा 12 मीटर है तो उस वर्ग का परिमाप = 4 ×भुजा = 4 × 12 = 48 मीटर होगा |



आयात की सम्मुख भुजाएँ बराबर होती है तथा प्रत्येक कोंण 90° का होता है।

आयात (Rectangle) का परिमाप: = 2 × (लम्बाई + चौड़ाई)

जैसे:- एक आयात की लंबाई 15 मीटर है और चौड़ाई 10 मीटर है तो उस आयात का परिमाप = 2(ल+चौ) = 2(15+10) = 2×25 = 50 मीटर होगा |


**नोट :-** किसी भी बंद आकृति का परिमाप ज्ञात उसकी सभी भुजाओं का योग होता है।

## गृहकार्य


1. निम्नलिखित आकृतियों में खुली एवं बन्द आकृतियों की पहचान करो–

खुली आकृतियाँ : ____________

बन्द आकृतियाँ : ____________




2. नीचे दी गई आकृतियों का परिमाप ज्ञात करो–




## उत्तरमाला 06 मई 2020

(1) (a) 0.567 (b) 0.043

(2) (a) 1.23 (b) 0.32

(3) (a) 7.6 (b) 9.0

(4) (a) 4560 (b) 12120

(5) 6700 (6) 70000




# मिशन शिक्षण संवाद

## गणित - प्राथमिक स्तर 8 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य

### परिमाप तथा क्षेत्रफल




वृत (circle):- किसी एक निश्चित बिंदु से समान दूरी पर स्थित बिंदुओं का बिन्दुपथ वृत्त कहलाता है। वृत्त की परिधि के किसी भी बिन्दु के बीच की दूरी वृत्त की त्रिज्या (r) कहलाती है।

वृत की परिधि = $2\pi r$ = 2 × पाई × त्रिज्या


$\pi$ का मान = 22 / 7 या 3.14

जैसे :- एक वृत की त्रिज्या 5 सेमी है तो

वृत की परिधि = $2 \pi r$ = 2 × 3.14 × 5 = 31.4 सेमी

वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा × भुजा

जैसे :- एक वर्गाकार खेत की एक भुजा 5 मीटर है तो



वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा × भुजा = 5 × 5 = 25 वर्ग मीटर होगा

आयात का क्षेत्रफल = लम्बाई × चौड़ाई

जैसे:- आयात की लंबाई 4 मीटर और चौड़ाई 2 मीटर है तो



आयात का क्षेत्रफल = लंबाई × चौड़ाई = 4 × 2 = 8 वर्ग मीटर होगा।


### गृह कार्य

(1) एक वृत की त्रिज्या 7 सेमी है तो वृत की परिधि ज्ञात करो।

(2) एक वर्गाकार खेत की भुजा 12 मीटर है तो खेत का परिमाप तथा क्षेत्रफल ज्ञात करो।

(3)एक आयताकार मैदान की लंबाई12 मीटर है तथा क्षेत्रफल 120 वर्ग मीटर है तो मैदान की चौड़ाई ज्ञात करो।

4. एक खेत की आकृति दी गई है। इसका क्षेत्रफल बताओ।




5. एक वर्गाकार खेत की लम्बाई 50 मी है। यदि जुताई 50 पैसे प्रति वर्ग मीटर हो तो पूरे खेत की जुताई में कितना खर्च होगा ?

### उत्तरमाला 7 मई 2020

(1) खुली आकृति - I, III
बन्द आकृति - II, IV, V, VI

(2) (क) 33 सेमी
(ख) 16 सेमी
(ग) 36 सेमी
(घ) 36 सेमी
(च) 28 सेमी
(छ) 34 सेमी




# मिशन शिक्षण संवाद

## गणित - प्राथमिक स्तर 9 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य

### घन, घनाभ और आयतन

घन (Cube):- घन एक ऐसी त्रिआयामी आकृति को कहा जाता है जिसकी लम्बाई, चौड़ाई एवं ऊँचाई समान होती हैं, जिसमें 6, फलक (Faces), 12 किनारे (Edges), 8 कोने (Vertices) होते हैं। घन का आयतन = भुजा×भुजा×भुजा




घन (Cube)

घनाभ (cuboid)- ऐसी आकृति जिसकी लंबाई, चौड़ाई, ऊँचाई भिन्न भिन्न होती है, जिसका प्रत्येक फलक आयत के आकार का होता है, घनाभ कहलाता है। प्रत्येक घनाभ में 6 फलक (Faces), 12 किनारे (Edges), 8 कोने (Vertices) होते हैं। घनाभ का आयतन = लम्बाई×चौड़ाई×ऊँचाई




घनाभ (Cuboid)

उदाहरण- घन की एक भुजा 5 सेमी लम्बी है उस का

आयतन = भुजा×भुजा×भुजा
= 5×5×5
= 125 घन सेमी

उदाहरण- एक घनाभ की लंबाई 6 सेमी चौड़ाई 7 सेमी तथा ऊँचाई 8 सेमी है।

घनाभ का आयतन = लम्बाई×चौड़ाई×ऊँचाई
= 6×7×8
= 336 घन सेमी

### गृह कार्य

(1) घन का आयतन ज्ञात करो जिसकी भुजाएँ निम्न है-

(a) 6सेमी

(b) 7सेमी

(c) 3.5सेमी

(d) 12सेमी

(2) घनाभ का आयतन ज्ञात करो जिसकी भुजाएँ निम्न है

(a) लम्बाई = 5 सेमी, चौड़ाई = 4 सेमी, ऊँचाई = 3 सेमी

(b) लम्बाई = 8 सेमी, चौड़ाई =5 सेमी, ऊँचाई = 4 सेमी

(c) लम्बाई = 3.5 सेमी, चौड़ाई = 4.5 सेमी, ऊँचाई = 3.5 सेमी

(d) लम्बाई = 12 सेमी, चौड़ाई = 6 सेमी, ऊँचाई = 7 सेमी

### उत्तर माला 8 मई 2020

(1) 43.96 सेमी

(2) 48 मीटर, 144 वर्गमीटर

(3) 10 मीटर

(4) 170 मीटर

(5) 1250 रुपये

# मिशन शिक्षण संवाद




## गणित - प्राथमिक स्तर 11 मई 2020

## धारिता (Capacity)

किसी बर्तन मे जितना द्रव (तरल) पदार्थ भरा जा सकता है, वही उसकी धारिता है।

**जैसे :-** एक बाल्टी में चार जग पानी आता है तो उस बाल्टी की धारिता चार जग होगी।

**नोट-** द्रव पदार्थ की प्रकृति बहने की है इस लिए पदार्थ को बर्तन में रखा जाता है। बर्तन की लंम्बाई, चैड़ाई, और गहराई (ऊँचाई) होती है इसलिए द्रवों की माप आयतन में होती है,जिसे धारिता कहते है,धारिता की इकाई लीटर है, लीटर को संक्षेप में ली व मिलीलीटर को मिली लिखते हैं।

1 लीटर = 1000 मिलीलीटर
1 मिली लीटर = 1 घन सेमी
1 घन मीटर = 1000 लीटर

**उदाहरण -** एक घनाकार टैंक की भुजा 5 मीटर है तो बताओ कि इस टैंक मैं कितने लीटर तेल आयेगा ?

घन का आयतन = भुजा×भुजा×भुजा
= 5×5×5
=125 घनमीटर

1 घन मीटर = 1000 लीटर

टैंक की धारिता = 125×1000
= 125000 लीटर

## गृह कार्य

(1) रिक्त स्थान की पूर्ति करो-

| | घन मी० | घन सेमी | लीटर |
|---|---|---|---|
| क | 2 | ............ | 2000 |
| ख | ............ | ............ | 500 |
| ग | ............ | 11000 | ............ |

(2) नीचे दिए गए प्रश्नों की खाली जगह भरो -

(a) लंबाई × ...... × ऊँचाई = आयतन

(b) लम्बाई × चौड़ाई × ........ = आयतन

(c) 2 मी × .....मी × 3 मी = 12 घन मी

(d) 4 मी × 4 मी × ..... मी = 64 घनमी

(3) पानी की एक टंकी अंदर से 1.5 मीटर लम्बी, 50 सेमी चौड़ी, 75 सेमी ऊँची है। टंकी की धारिता ज्ञात करो।

(4) एक बर्तन की धारिता 1.5 लीटर है उसकी लम्बाई 10 सेमी चौड़ाई 15 सेमी है। तो ऊँचाई कितनी होगी?

## उत्तरमाला 9 मई 2020

(1) (a) 216 घन सेमी, (b) 343घन सेमी
(c) 42.875 घनसेमी, (d) 1728 घन सेमी

(2) (a) 60 घन सेमी, (b) 160 घन सेमी
(c) 55.125 घन सेमी, (d) 504 घन सेमी



# मिशन शिक्षण संवाद

## गणित - प्राथमिक स्तर 12 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य

## टिक टिक चले घड़ी



आज आपको घड़ी का ज्ञान कराते है।

घड़ी में सुईयों की संख्या:- 3

1) सेकेंड बाली सुई - सबसे बड़ी

2) मिनट बाली सुई - सेकंड से छोटी

3) घंटा बाली सुई - सबसे छोटी

घड़ी में एक पतली सुई होती है जो बहुत तेज चलती है बो सेकंड की सुई है।यह 1 मिनट मे डायल का पूरा चक्कर लगाती है

1 मिनट = 60 सेकण्ड

मिनट की सुई डायल का पूरा चक्कर 1 घंटा या 60 मिनट मे लगाती है


1घण्टा = 60 मिनट

घण्टे की सुई 24 घण्टे में डायल के दो चक्कर लगाती है।

1 दिन = 24 घंटे

## गृहकार्य

1. खाली जगह भरो
   - (क) तुम सुबह कितने बजे सोकर उठते हो ? ..............
   - (ख) तुम्हारे विद्यालय में कितने बजे छुट्टी होती है ? ..............
   - (ग) तुम कितने बजे खेलने जाते हो ? ..............
   - (घ) तुम कितने बजे पढ़ने बैठते हो ? ..............
2. घड़ियों के नीचे समय लिखा है। घड़ियों में सुइयाँ बनाकर नीचे लिखा हुआ समय दिखाओ–



11 : 00    3 : 05    12 : 20    06 : 45

3. एक सप्ताह में कितने घंटे होते है ? ..............
4. तीन घंटे मे कितने मिनट होते है ? ..............
   - ग. आप कितने बजे खेलने जाते है ? ..............
   - घ. आप कितने बजे पढ़ने बैठते है ? ..............

5



7 बजकर 15 मिनट सवा सात    8 बजकर ...... मिनट साढ़े आठ    ...... बज कर ...... मिनट पौने आठ

6. अब तुम नीचे बनी तालिका को पूरा करो –

| घंटा सुई | मिनट सुई | कितने बजे? |
|---|---|---|
| 12 से आगे | 1 पर | 12 बजकर 5 मिनट |
| 5 से आगे | 3 पर | .............. |
| 8 से आगे | 9 पर | .............. |
| 10 और 11 के बीच | 6 पर | .............. |

## उत्तरमाला 11 मई 2020

(1) (क) 2000000, (ख) 0.5,500000
(ग) 0.011,11

(2) (a) चौड़ाई, (b) ऊँचाई, (c) 2 मी, (d) 4 मी

(3) 562.5 लीटर

(4) 10 सेमी



# मिशन शिक्षण संवाद

## गणित - प्राथमिक स्तर 13 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य

### समय (Time)




हम जानते हैं कि:-

1 मिनट = 60 सेकण्ड

1 घंटा = 60 मिनट

1 दिन = 24घंटे

पूर्वाह्न (Anti Meridian) और अपराह्न (Post Meridian):-

पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाने के साथ साथ अपनी धुरी पर भी घूमती है अपनी धुरी पर घूर्णन करते हुए पृथ्वी अपना एक चक्कर 24 घंटे में पूरा कर लेती है इसी कारण रात और दिन होती है।

दिन के 12 बजे को मध्यान्ह और रात्रि के 12 बजे को मध्यरात्रि कहते है।

मध्यरात्रि 12 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक का समय पूर्वाह्न (AM) होता है।

मध्यान्ह 12 बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक का समय अपराह्न (PM) होता है।

### गृह कार्य

(1) घंटे में बदलो - (क) 2 दिन 5 घंटे ☐ (ख) 1 सप्ताह 2 घंटे ☐

(2) मिनट में बदलो - (क) 8 घंटे ☐ (ख) 6 घंटा 40 मिनट ☐

(3) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

(क) 6 बजकर .....मिनट = पैने सात बजे

(ख) 10 बजकर..... मिनट = साढ़े दस बजे

(ग) 3 बजकर 30 मिनट =. .... ..........

(घ) 11 बजकर 45 मिनट =. .............

### उत्तरमाला (12 मई 2020)

(1) व (2) के उत्तर स्वयं लिखें, (3) 168 घंटे, (4) 180 मिनट, (5) 30, 7 बजकर 45 मिनट

(6) 5 बजकर 15 मिनट, 8 बजकर 45 मिनट, 10 बजकर 30 मिनट



# मिशन शिक्षण संवाद

## गणित - प्राथमिक स्तर 14 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य

## समय का जोड़ना और घटाना

ध्यान रखने योग्य बातें -

दिए हुए समये में जिन्हें जोड़ना या घटाना है तो उनको घंटे के अंक को घंटे के नीचे और मिनट के अंक को मिनट के नीचे और सेकंड के अंक को सेकंड के नीचे लिखना होगा तत्पश्चात जोड़ या घटाना करना होगा।

मिनट का योग 60 से अधिक है अतः 60 मिनट = 1 घण्टा को घंटे में जोड़ते हैं तथा शेष समय को मिनट में लिखते हैं।

उदाहरण:- 4 घण्टा 45 मिनट मे 3 घंटा 34 मिनट जोडे।

| घण्टा | मिनट |
|---|---|
| 4 | 45 |
| + 3 | 34 |
| 8 घण्टा | 19 मिनट |

यदि 0 मिनट में से 30 मिनट को घटाना है तो घंटे में से 1 घण्टा (60 मिनट ) उधार लेते हैं और मिनट को घटाएंगे।

उदाहरण:- 9 घंटे में से 6 घंटा 30 मिनट घटाओ।

| घण्टा | मिनट |
|---|---|
| 9 | 00 |
| - 6 | 30 |
| 2 घण्टा | 30मिनट |

## गृह कार्य

(1) मैं प्रातः 7:50 पर विद्यालय के लिए घर से निकलता हूँ मुझे विद्यालय तक की दूरी तय करने में 30 मिनट लगते हैं तो बताओ की मैं विद्यालय कितने बजे पहुँच जाऊँगा ?

(2) अनमोल घर पर 7:30 सायं से पढ़ना प्रारंभ करता है और 9 बजे रात तक पढ़ता है वह कितनी देर तक पढ़ता है ?

(3) प्रातः 9:45 मिनट के 5 घंटे बाद का समय कितना होगा।

(4) विपिन की दादी रात 10 बजे सो जाती है वे साढ़े पांच घंटे सोती हैं तो बताओ कि दादी कितने बजे सोकर उठती है ?

## उत्तरमाला 13 मई 2020

(1) (क) 53 घंटे, (ख) 170 घंटे

(2) (क) 480 मिनट, (ख) 400 मिनट

(3) (क) 45, (ख) 30, (ग) साढ़े तीन, (घ) पौने बराह




# मिशन शिक्षण संवाद

## गणित - प्राथमिक स्तर 15 मई 2020

## ऐकिक नियम

ऐकिक नियम का अर्थ है -

एक पर आधारित

यहाँ पहले एक वस्तु का मूल्य ज्ञात करके इसकी मदद से अधिक बस्तुओं का मूल्य ज्ञात किया जाता है। इस विधि को ऐकिक नियम कहते है।

**उदाहरण :-**

4 किलोग्राम चावल का मूल्य 68 रुपये है। 9 किग्रा का मूल्य ज्ञात करो।

**हल:-**

4 किग्रा चावल का मूल्य = ₹68

1किग्रा चावल का मूल्य = ₹ 68/4

= ₹ 17

9 किग्रा चावल का मूल्य= 9× 17

= ₹ 153

अतः 9 किग्रा चावल का मूल्य 153 रुपये है ।

## गृह कार्य

(1) यदि 12 कॉपियों का मूल्य ₹ 162 है तो एक कॉपी का मूल्य ज्ञात करो।

(2) 5 बैगों का मूल्य ₹ 475 है तो 9 बैगों का मूल्य ज्ञात करो।

(3) एक परिवार के लिए 15 किग्रा गेहूँ 20 दिनों के लिए पर्याप्त है। उसी परिवार के लिए 30 दिनों के लिए कितने किग्रा गेहूँ की आवश्यकता होगी ?

(4) यदि एक रजिस्टर्ड पत्र भेजने में ₹ 115.50 लगता है तो ऐसे ही 8 पत्र भेजने में कितने रुपये लगेंगे ?

## उत्तरमाला 14 मई 2020

(1) 8:20 मिनट

(2) 1:30 मिनट

(3) 14:45 या 2:45 अपराह्न

(4) 15:30 या 03:30 प्रातः

# मिशन शिक्षण संवाद 16 मई 2020




## शनिवार की गतिविधि -गणित (PS)

## गतिविधि- हिस्सा-बाट

**रंगीन भाग को भिन्न रूप पर लिखने पर प्राप्त संख्या लिखो।**

$$\text{भिन्न} \rightarrow \frac{\text{अंश}}{\text{हर}} = \frac{\text{हिस्सा}}{\text{वस्तु के बराबर भाग}}$$

**यदि आपको प्रत्येक चित्र का रंगीन भाग प्राप्त हो तो आपको प्राप्त हिस्सा भिन्न रूप में कौन सी संख्या होगी।**



मिशन शिक्षण संवाद
16 मई 2020



## शनिवार की गतिविधि -गणित (PS)

### गतिविधि- दो अंकों का वर्ग ज्ञात करना

# दो अंकों का वर्ग ज्ञात करने का नियम

| 1 → | 2 → | 3 |
|---|---|---|
| इकाई × इकाई | इकाई × दहाई × 2 + हासिल | दहाई × दहाई + हासिल |

आओ खेले→

दो अंक की कोई एक संख्या लें जैसे हमने यहां संख्या 37 ली। संख्या 37 में इकाई 7 और दहाई 3 है। अब उपरोक्त नियम अनुसार पहली क्रिया इकाई 7 का गुना इकाई 7 में (7×7) करेंगे जिसक उत्तर 49 का 9 इकाई के स्थान पर रख देंगे तथा 4 हासिल होगा। अब दूसरी क्रिया इकाई 7 का गुणा दहाई 3 के साथ करके दुगना कर जितना आएगा उस पर हासिल जोड़ लेंगे- (7 इकाई ×3दहाई ×2+4हासिल)यानी 7×3=21 का 2 गुना 42 में 4 हासिल जोड़ने पर 42+4=46 आएगा। 46 का इकाई 6 को दहाई के स्थान पर रख शेष 4 हासिल होगी। तीसरी और अंतिम प्रक्रिया दहाई 3 का गुणा दहाई 3 के साथ कर हासिल 4 जोड़ देंगे। अर्थात 3×3+4=9+4=13

इस प्रकार इकाई में 9 दहाई में 6 और सैकड़े और हजार के स्थान पर क्रमश: 3 और 1 रखेंगे।

ह0 सै0 द0 इ0

1 3 6 9 → 1369 उत्तर

**बच्चों वृत्त में दी गई संख्याओं का वर्ग इसी विधि से मौखिक रूप से निकालने का प्रयास कीजिये।**




मिशन शिक्षण संवाद



# मिशन शिक्षण संवाद

गणित - प्राथमिक स्तर 18 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य

## प्रतिशत (Percentage)

प्रति + शत का अर्थ है प्रत्येक सौ में से ।

प्रतिशत को % चिन्ह से प्रदर्शित करते हैं।

इसे भी समझें

100 में से 1 = 1/100 या 1%

100 में से 8 = 8/100 या 8%

100 में से 25 = 25/100 या 25%

100 में से 50 = 50/100 या 50%

100 में से 100 = 100/100 या 100%

**प्रतिशत को भिन्न में बदलना-**

किसी प्रतिशत संख्या को भिन्न में बदलने के लिए प्रतिशत के सकारात्मक मान में 100 से भाग देते हैं

जैसे :- 4% = 4/100 = 1/25

25% = 25/100 = 1/4

**भिन्न को प्रतिशत में बदलना :-**

जैसे:- 1/4

(1/4 × 100)%

25%

**प्रतिशत को दशमलव में बदलना :-** किसी प्रतिशत संख्या को दशमलव में बदलने के लिए प्रतिशत के सकारात्मक मान में 100 से भाग देते है, प्राप्त संख्या दशमलव में होगी।

जैसे:- 24% = 24/100

= 0.24

**दशमलव को प्रतिशत में बदलना :-** दशमलव को प्रतिशत मे बदलने के लिए पहले हम दशमलव संख्या को भिन्न में बदलते हैं। अब हर को 100 बनाकर प्रतिशत में बदलते है।

जैसे:- 0.4 को प्रतिशत में बदलो।

4×10/10×10

40/100

40%

## गृह कार्य

**(1)भिन्न मे बदलो:-**

(क) 5%, (ख) 25%

(ग) 20% (घ) 75%

**(2)प्रतिशत मे बदलो:-**

(क) 1/4, (ख) 1/10

(ग) 3/4 (घ) 1/25

**(3)प्रतिशत को दशमलव में बदलो:-**

(क) 28% (ख) 52%

(ग) 25% (घ) 15%

**(4)दशमलव को प्रतिशत में बदलो:-**

(क) 0.04 (ख) 0.35

(ग) 0.05 (घ) 0.45

## उत्तरमाला 15 मई 2020

(1)13.5 (2) 855

(3) 22.5 किग्रा (4) 924



# मिशन शिक्षण संवाद

## गणित - प्राथमिक स्तर 19 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य



### संख्या का प्रतिशत ज्ञात करना

हम जानते हैं कि प्रतिशत एक ऐसी भिन्न है जिसका अंश प्रतिशत का संख्यात्मक मान एवं हर 100 होता है, अतः दी हुई राशि का प्रतिशत ज्ञात करने के लिए उस राशि में 100 का भाग देकर प्रतिशत के संख्यात्मक मान का गुणा करते हैं

उदाहरण:- 500 का 15 % ज्ञात करना।

= 500 × 15/100

= 5 × 15

= 75

एक राशि को दूसरी राशि के प्रतिशत के रूप मे लिखना:-

जैसे:- 5 में 3 कितने प्रतिशत है।

5 में भाग है = 3

1 में भाग है = 3/5

100 में भाग है = (3/5) × 100

= 3 × 20

= 60

### गृह कार्य

(1) रिक्त स्थान की पूर्ति करो-

(क) 600 का 38% = ........

(ख) 2000 ₹ का 18% = .......

(ग) 3 किग्रा का 20% = ....... ग्राम

(घ) 2 घंटे का 5% = ....... मिनट

(2) गणित की छमाही परीक्षा में गोलू को 30 में से 24 अंक प्राप्त हुए। उसे कितने प्रतिशत अंक प्राप्त हुए?

(3) किसी कक्षा में 40 बच्चे हैं यदि उसमे 35% लडकियाँ है तो लड़कियों एवं लड़को की संख्या बताओ।

(4) सरल करो : 35 मीटर का 3%

### उत्तरमाला 18 मई 2020

(1) (क) 1/20 (ख) 1/4 (ग) 1/5 (घ) 3/4

(2) (क) 25% (ख) 10% (ग) 75% (घ) 4%

(3) (क) 0.28 (ख) 0.52 (ग) 0.25 (घ) 0.15

(4) (क)4% (ख) 35% (ग) 5% (घ) 45%



# मिशन शिक्षण संवाद

## गणित प्राथमिक स्तर - 20 मई 2020

ऑनलाइन शिक्षण कार्य

### लाभ - हानि

क्रय मूल्य:- खरीदे हुए मूल्य को क्रय मूल्य कहते है।
विक्रय मूल्य :- बेचे हुए मूल्य को विक्रय मूल्य कहते है।

लाभ :- यदि किसी बस्तु का विक्रय मूल्य क्रय मूल्य से अधिक है तो लाभ होता है।

लाभ = विक्रय मूल्य - क्रय मूल्य

जैसे:- मोहन ने एक बस्तु खरीदी जिनका क्रय मूल्य 230 ₹ है तथा विक्रय मूल्य 310 ₹ है तो उसे लाभ हुआ कि हानि और कितना ज्ञात करो।
हल:- उपर्युक्त प्रश्न में वस्तु का विक्रय मूल्य क्रय मूल्य से अधिक है अतः लाभ हुआ।
लाभ = विक्रय मूल्य - क्रय मूल्य
= 310 - 230
= 80 ₹

हानि:- यदि किसी वस्तु का क्रय मूल्य, विक्रय मूल्य से अधिक हो तो हानि होती है।

हानि = क्रय मूल्य - विक्रय मूल्य

जैसे:- अमन ने एक बैग खरीदा जिनका क्रय मूल्य 230 ₹ है तथा विक्रय मूल्य 210 ₹ है तो उसे लाभ हुआ या हानि और कितना ?
हल:- उपर्युक्त प्रश्न में बैग का क्रय मूल्य, विक्रय मूल्य से अधिक है अतः हानि हुई।

हानि = क्रय मूल्य - विक्रय मूल्य
=230 - 210
=20 ₹

### गृह कार्य

(1) कमल ने एक टीवी 12000 ₹ की खरीदी और 13500 ₹ की बेच दी तो बताओ कि कमल को लाभ हुआ या हानि और कितना ?
(2) सानिया ने एक साड़ी 2480 ₹ की खरीदी और 2350 ₹ कि बेच दी बताओ कि सानिया को लाभ हुआ या हानि और कितना ?
(3) राधा ने एक कान की मशीन 320 ₹ की खरीदी और उस पर 60 ₹ लाभ ले कर बेच दी बताओ कि राधा ने मशीन कितने रुपये की बेंची ?
(4) शिखा ने एक साइकिल 2400 ₹ की खरीदी और उसे 450 ₹ की हानि लेकर बेच दी बताओ कि शिखा ने साइकिल कितने रुपये में बेची

### उत्तरमाला 19 मई 2020

(1) (क) 228(ख) 360
(ग) 600 (घ) 6
(2) 80% (3)लड़कियां-14
लड़के-26 (4) 1.05 मीटर